आकाशवाणी शिमला

18.04.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

स्वास्थ्य सेवाएं

राज्य सरकार लोगों को सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य अधोसंरचना को सुदृढ़ कर रही है। इस दिशा में सरकार ने राज्य में दो क्रिटिकल केयर ब्लॉक और पांच जिला एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं की स्थापना के लिए एक सौ 93 करोड़ 75 हजार रूपए आबंटित किए हैं। एक सरकारी प्रवक्ता ने शिमला में बताया कि इन जिला एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं का उद्देश्य नैदानिक क्षमताओं में सुधार करना, जांच सुविधाओं में तेजी लाना और आपातकालीन स्थिति का प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रयोगशाला में क्लीनिकल पैथोलॉजी, हेमेटोलॉजी, साइटोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री और माइक्रोबायोलॉजी की सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि पंजाब की मौजूदा सरकार इंडिया गठबंधन का हिस्सा है इसलिए राज्य सरकार को उनसे शानन प्रौजेक्ट जल्द वापिस लेने का रास्ता निकालना चाहिए। मण्डी में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि शानन पॉवर प्रौजेक्ट की लीज़ अवधि वर्ष 2024 में पूरी हो चुकी है ऐसे में अब प्रौजेक्ट पर पंजाब सरकार का कोई अधिकार नहीं रह जाता है। जयराम ठाकुर ने कहा कि ये प्रौजेक्ट हिमाचल को वापिस मिलने से राज्य की आय में बढ़ोतरी होगी।

उल्लेखनीय है कि मण्डी जिला के जोगिन्द्रनगर में बना शानन पॉवर प्रौजेक्ट अंग्रेजी हुकूमत में बना था और पंजाब पुनर्गठन के समय इस प्रौजेक्ट को 99 वर्षों की लीज़ पर पंजाब सरकार को दिया गया था।

भाजपा

राज्य सरकार द्वारा नेशनल हेराल्ड अखबार को 2 करोड़ से अधिक के विज्ञापन देने के मामले को लेकर भाजपा ने सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। शिमला से जारी एक बयान में भाजपा विधायक डॉक्टर जनकराज ने कहा है कि इस अखबार की एक भी कॉपी हिमाचल में नहीं आती है बावजूद इसके सरकार द्वारा इस समाचार पत्र को इतनी बड़ी राशि के विज्ञापन जारी करना उचित नहीं है। जनकराज ने कहा कि हिमाचल के राजकीय समाचार पत्र को अगर वर्तमान सरकार ने ये राशि जारी की होती तो आत्मनिर्भर हिमाचल का सही उदाहरण सामने आता। उधर कुल्लू के ढालपुर में जिला भाजपा युवा मोर्चा द्वारा इस मामले को लेकर एक आक्रोश रैली निकाली गई। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज शर्मा के नेतृत्व में निकाली गई इस रैली में बंजार के विधायक सुरेन्द्र शौरी सहित कई अन्य पार्टी नेता शामिल हुए। इस दौरान भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री जहां

आर्थिक विकास का रोना रो रहे हैं वहीं करोड़ों रूपए के विज्ञापन बाहरी एजेंसियों को लुटाए जा रहे हैं।

जगत सिंह नेगी

जनजातीय क्षेत्रों में किसानों को नौतोड़ देने के निर्णय व राज्य में लागू वन संरक्षण अधिनियम 1980 को सस्पेंड करने की सिफारिश के प्रस्ताव के संबंध में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से मुलाकात कर इस प्रस्ताव को मंजूरी देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि नौतोड़ वन भूमि की स्वीकृति देने के लिए संविधान के अनुच्छेद 5 के चलते राज्यपाल के पास विशेष अधिकार है।

केवल पठानिया

उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कांगड़ा जिला के शाहपुर में आज प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना और नाबार्ड के कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों को विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। केवल सिंह पठानिया ने कहा कि राज्य सरकार व्यवस्था परिवर्तन के ध्येय के साथ कार्य कर रही है और हर वर्ग के हित को ध्यान में रखकर कल्याणकारी योजनाएं लागू की जा रही हैं।

गुड फ्राइडे

आज गुड फ्राइडे पर प्रदेश के विभिन्न गिरिजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया। शिमला स्थित एतिहासिक क्राईस्ट चर्च में हुई प्रार्थना सभा में शहर और आसपास के इलाकों से सैंकड़ों की संख्या में इसाई समुदाय के लोगों ने हिस्सा लिया। इस दौरान प्रभु ईसा मसीह के बलिदान को याद किया गया और विश्व शांति व मानव कल्याण के लिए दुआ मांग गई। चर्च के पादरी विनीता रॉय ने बताया कि गुड फ्राईडे का दिन उस महान बलिदान की याद दिलाता है जब प्रभु यीशु ने मानवता के कल्याण के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे।

———————————